**मनोनयन** कई लोगों के चेहरे खिले तो कईयों में छाई मायूसी

## तीन वर्षों बाद नगर पालिका में हुई 6 मनोनीत पार्षदों की नियुक्ति

**नवभारत न्यूज,**
**पांढुरना,29 मार्च,** तीन वर्षों के लंबे इंतजार के बाद ही अंतःप्रदेश के अन्य जिलों की तरह ही पांढुरना नगर पालिका परिषद में 6 मनोनीत पार्षदों की नियुक्ति की गई है,जहां इनके समर्थकों में खुशी दिखाई दे रहीं है तो वहीं दुसरी और जिन लोगों का मनोनयन नहीं हो पाए वह तथा उनके समर्थक मायुस दिखाई दे रहें है।


प्रशान्त दाडे


दशरथ सांबारे


तरुण बालपांडे


प्रशांत गायधने


सतीश बांबल


श्रीमती संध्या पाटिल

### इन्हें मनोनित पार्षद बनाकर किया उपकृत

मध्य प्रदेश शासन के नगरीय विकास एवं आवास विभाग मंत्रालय के उप सचिव प्रमोद कुमार शुक्ला द्वारा जारी कि गयी सूची में पांढुरना नगर पालिका में 6 मनोनीत पार्षदों की नियुक्ति की गई है,जिसमें जलाराम वार्ड निवासी प्रशांत दाढ़े,महावीर वार्ड निवासी श्रीमती संध्या पाटिल,पंढरी वार्ड निवासी सतीश बांबल,हनुमंती वार्ड निवासी दशरथ सांबारे,राधा कृष्ण वार्ड से प्रशांत गायधने एवं भवानी वार्ड से तरुण बालपांडे को मनोनित पार्षद की नियुक्ति गई है ।

नगर पालिका चुनाव तथा परिषद में हुई विधिवत ताजपोशी के बाद से ही नगर पालिका में मनोनीत पार्षदों की नियुक्ति के नामों को लेकर कई तरह के कायस लगाए जा रहे थे,लेकिन परिषद का आधे से भी अधिक का समय बीतने के बाद भी एल्डरमैन का मनोनयन नहीं होने से सभी से आस ही छोड़ दी थी,वहीं अचानक रविवार को प्रदेश के अन्य जिलों की तरह ही पांढुरना नगर पालिका परिषद में छैम्मनोनीत पार्षदों की जारी सूची सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद इन लोगों को बंधाई देंने लगे ।

**नपा चुनाव में पराजित भाजपा नेताओं को एल्डरमैन बनाकर पहुंचा नपा**

गौरतलब हो कि जिन वार्डों से इन मनोनीत पार्षदों की नियुक्ति की गई है,उसमे जलाराम वार्ड से नपा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी श्रीमती वैशाली महाले पराजित हुई थी इस वार्ड से निर्दलीय पार्षद श्रीमती सुनीता डोबले विजयी हुई,वहीं महावीर वार्ड में माधव पाटिल को भाजपा के टिकट मिली थी,जिन्हें कांग्रेस के युवा नेता सचिन उर्फ सोनू बागड़े ने बुरी तरह पराजित किया था अब इसी हारे हुए पार्षद की धर्मपत्नी धर्मपत्नी श्रीमती संध्या माधव पाटिल को मनोनित पार्षद बनाकर नगर पालिका में पहुंचाया है। वहीं पंढरी वार्ड में भी भाजपा प्रत्याक्षी की पराजय हुई थी यहां से अब भाजपा युवा नेता सतीश बांबल को मनोनीत पार्षद बनाया गया है,इसी प्रकार हनुमंती वार्ड में भाजपा प्रत्याशी उमेश उरकुड़े विजयी हुई है,यहां से भाजपा के वरिष्ठ नेता दशरथ सांबारे को उपकृत करने इन्हें मनोनित पार्षद बनाया गया है,वहीं राधा कृष्ण वार्ड में निर्दलीय प्रत्याशी अनिल खत्री भारी बहुमतों से विजयी हुए थे,उन्होंने यहां से भाजपा के नेता डां.शंकर कडबे को पराजित किया था,इसी वार्ड से अब प्रशांत गायधने को एल्डरमैन बनाया है,वहीं भवानी वार्ड से कांग्रेस द्वारा प्रदीप जुननकर को पार्षद बनाया था,उन्होंने भाजपा के तरुण बालपांडे को पराजित किया था,इसी तरुण को अब एल्डरमैन बनाकर नपा में पहुंचाया गया है।

### सांसद,विधायक प्रतिनिधि का भी नहीं मनोनयन

मनोनीत पार्षदों की तरह ही बीते तीन वर्षों अब तक पांढुरना नगर पालिका में सांसद तथा विधायक प्रतिनिधि की नियुक्ति नहीं हुई है,लेकिन अब एल्डरमैन के मनोनयन के बाद से सांसद तथा विधायक प्रतिनिधि के नामों को लेकर कयास लगाने लगे है,गौरतलब हो कि सांसद प्रतिनिधि के रूप में किसी भाजपा नेता की तो विधायक प्रतिनिधि के रूप में कांग्रेस नेता को उपकृत करने मनोनयन किया जाएगा ।

## भारतीय बौद्ध महासभा ने सम्राट अशोक की जयंती मनाई



**सौंसर 29 मार्च .** दि बुध्दिस्ट सोसायटी ऑफ इंडिया ( भारतीय बौद्ध महासभा ) के तत्वावधान में रविवार की दोपहर 12 बुद्ध विहार सौंसर में अखंड भारत के निर्माता चक्रवर्ती सम्राट अशोक की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर भारतीय बुद्ध महासभा के पूर्व प्रदेश सचिव बाबाराव चारे,कार्यकारी जिलाध्यक्ष नरेंद्र सोमकुवर गुरुजी जिला कोषाध्यक्ष राजरतन बागडे,तहसील अध्यक्ष प्रवीण ढवरे की अध्यक्षता में हुई बैठक में मनोहर डहाट विनायक सोमकुंवर,शेषराव बागडे, रूपेश सोमकुंवर आदि मौजूद थे।

## राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों ने किया श्रम दान




**सौंसर 29 मार्च .**शासकीय महाविद्यालय सौसर में राष्टीय सेवा योजना ईकाई ने वार्ड नं 13 में श्रम दान किया जिसमे की साफ सफाई की गई साथ ही स्वयं सेवकों ने स्थानीय लोगों के साथ मिलकर काम किया और स्वस्थ एवं स्वच्छ रहने के उपाय भी बताए इस अवसर में मोरेश्वर मर्सकोले ने बढ़कर सहयोग किया श्रम दान में महाविद्यालय के ए मिंज एवं मंजू मिंज, रमेश कुमरे श्यामसुंदर बैगा का विशेष सहयोग रहा बौद्धिक सत्र में मुख्य वक्ता डॉ पैलेंद्र डेहरिया ने रासेयो के मंच का पूरा उपयोग कर अपने व्यक्तित्व का विकास किया जा सकता है एवं अपने जीवन का उद्देश्य प्राप्त किया जा सकता है बौद्धिक सत्र में डॉ एन के गेडाम ने विद्यार्थियों के राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका पर अपनी बात रखी रासेयो के कार्यक्रम अधिकारी विजय मंडराह ने स्वयं सेवकों को अनुशासन में रहते हुए जीवन का विकास कैसे करना है बताया इस बौद्धिक सत्र में मंच संचालन शिल्पा एवं भाग्यश्री ने किया इस शिविर में महाविद्यालायीन स्टॉफ में रविंद्र यादव एवं महेश सीलू, तनु चवरे, शुभम इवनती,बुद्धराज, विशेष, अनोज एवं सभी स्वयंसेवकों की उपस्थिति सराहनीय रही

## बढ़ती महगांई के विरोध में मंगलवार कांग्रेसी कलेक्टर को सौपेंगे ज्ञापन

**पांढुरना,29 मार्च**, पेट्रोल,रसोई गैस,बिजली दरों में वृद्धि,जबरन लगाए जा रहे स्मार्ट विद्युत मीटर के विरोध में आज 31 मार्च मंगलवार को कांग्रेसियों द्वारा जिला कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर महामहिम राज्यपाल के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौपेंगे ।मध्य प्रदेश सरकार द्वारा बिजली दरों में की गई वृद्धि,जबरन लगाए जा रहे विद्युत स्मार्ट मीटर,घरेलू रसोई गैस,पेट्रोल की कालाबाजारी एवं वितरण प्रणाली में लंबी-लंबी लाइन लगाने,कीमतों में वृद्धि,महंगाई के विरोध में प्रदेश कांग्रेस संगठन के आव्हान पर पांढुरना जिले के कांग्रेसियों द्वारा 31 मार्च 2026 मंगलवार को जिला कलेक्टर कार्यालय में दोपहर 1 बजे पहुंचकर महामहिम राज्यपाल के नाम जिला कलेक्टर को हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन सौपेंगे।

## महावीर जयंती पर पांढुरना जिले में अवकाश तिथि परिवर्तित

### अब 30 मार्च को रहेगा सार्वजनिक अवकाश

**नवभारत न्यूज,**
**पांढुरना,29 मार्च,** मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल द्वारा वर्ष 2026 के घोषित अवकाशों में दिनांक 31 मार्च 2026 (मंगलवार) को महावीर जयंती का सार्वजनिक एवं सामान्य अवकाश घोषित किया गया है।

साथ ही स्थानीय परिस्थितियों के अनुसार जिला कलेक्टर को 31 मार्च 2026 के स्थान पर 30 मार्च 2026 (सोमवार) को अवकाश घोषित करने के लिए अधिकृत किया गया है। मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय की अधिसूचना के अनुपालन में तथा जनभावनाओं और स्थानीय परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए, जिला पांढुर्णा के लिए पूर्व में घोषित सार्वजनिक अवकाश में संशोधन किया गया है। कैलेंडर वर्ष 2026 के लिए घोषित अवकाशों की सूची में 'महावीर जयंती' के उपलक्ष्य में दिनांक 31 मार्च 2026 (मंगलवार) को घोषित अवकाश के स्थान पर अब संपूर्ण पांढुर्णा जिले में 30 मार्च 2026 (सोमवार) को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाता है। दिनांक 31 मार्च 2026 (मंगलवार) को सभी शासकीय कार्यालय एवं संस्थाएं पूर्ववत खुले रहेंगे।

### 71 बच्चों का नहीं हुआ सत्यापन,30 मार्च अंतिम तिथि

## 41 निजी स्कूलों में 127 बच्चों को निशुल्क प्रवेश दिलाने 394 ने किया आवेदन

**नवभारत न्यूज,**
**पांढुरना,29 मार्च,** आरटीई योजना अंतर्गत पांढुरना के 41 निजी शिक्षण संस्थाओं में निशुल्क प्रवेश हेतु निर्धारित 127 रिक्त सीटों के लिए कुल 394 अभिभावकों द्वारा अपने-अपने बच्चों का आनलाईन आवेदन किया गया है,वहीं इनमें से 323 द्वारा तो विधिवत सत्यापन भी किया, लेकिन अब भी 71 अभिभावक अपने बच्चों का सत्यापन नहीं करा पाए है,सत्यापन कराने की आज 30 मार्च अंतिम तिथि है ।




गौरतलब हो कि वंचित समूह एवं कमजोर वर्ग के छात्रों को निजी शिक्षण संस्थाओं में निन्शुल्क प्रवेश देंने की सरकार की अति महत्वाकांक्षी योजना अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत प्रत्येक निजी शिक्षण संस्थाओं में 25 प्रतिशत सीटें इन वर्गों के बच्चों के लिए आरक्षित की जाती है। विभागीय सूत्रों की माने तो पांढुरना के कुल 41 निजी शिक्षण संस्थाओं में इस वर्ष आगामी शैक्षणिक सत्र 2026-2027 में आरटीई योजना के तहत कुल 127 छात्रों को निन्शुल्क प्रवेश दिलाने रिजर्व की गई है।

सरकार द्वारा जारी कि गई गाइट लाईन के अनुसार इच्छुक अभिभावकों को इन निजी स्कूलों में अपने-अपने बच्चों को निन्शुल्क प्रवेश दिलाने के लिए 13 मार्च से 28 मार्च 2026 तक आवश्यक दस्तावेजों के साथ आरटीई के शासकीय पोर्टल पर विधिवत पंजीयन कराने के साथ ही 30 मार्च तक सत्यापन भी कराना अनिवार्य होंगा।

विभागीय सूत्रों की माने तो 28 मार्च तक शिक्षा विभाग पोर्टल पर पांढुरना के इन निजी स्कूलों में निन्शुल्क प्रवेश हेतू कुल 394 अभिभावकों द्वारा अपने-अपने बच्चों का आंनलाईन आवेदन करने के साथ ही इनमें से 323 लोगों द्वारा विधिवत सत्यापन भी किया गया है,लेकिन अब भी 71 लोगों द्वारा इस आँनलाईन किए गए आवेदन का सत्यापन करने निर्धारित स्थानों पर नहीं पहुंचे,30 मार्च का इसका सत्यापन करने की अंतिम तिथी है,

यदि निर्धारित तिथी में इन्होंने सत्यापन नहीं किया तो यह अभिभावक अपने बच्चों को निजी स्कूलों में प्रवेश दिलाने से वंचित रह सकते है ।

## एक सेवा मानवता के लिए ग्रुप की सार्थक पहल से तीन परिवार को मिली मदद

**नव भारत न्यूज**
**पांढुरना,29मार्च**, नगर के रेलवे स्टेशन के पास बीते दिनों तीन मकानों में अचानक लगी आग इन घरो में रखा सभी घरेलु सामान जलकर खाक हो गए थे, जिससे प्रभावित परिवारों के सामने रोजमर्रा की जरूरतों का संकट खड़ा हो गया था। ऐसे कठिन समय में शहर की सामाजिक संस्था एक सेवा मानवता के लिए ने मानवीय संवेदनाओं का परिचय देते हुए पीड़ित परिवारों की मदद के लिए हाथ बढ़ाया।



यह संस्था एक सक्रिय व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से संचालित होती है, जिसमें नगर के गणमान्य नागरिक, व्यापारी, डॉक्टर और विभिन्न समाजों के लोग जुड़े हुए हैं। सभी ने मिलकर सहयोग राशि एकत्रित की और तीनों प्रभावित परिवारों को करीब 15 दिनों का राशन, बच्चों के कपड़े, कंबल सहित लगभग 20 हजार रुपए की आवश्यक सामग्री प्रदान की ।मदद मिलने पर पीड़ित परिवारों ने संस्था के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि इस सहयोग से उन्हें बड़ी राहत मिली है। खास बात यह रही कि इस नेक कार्य में सहयोग करने वाले ग्रुप के सदस्यों ने अखबारों में अपना नाम प्रकाशित करने से साफ मना कर दिया। उनकी यह सोच और निस्वार्थ सेवा भावना उन्हें और भी बड़ा दिल वाला साबित करती है। संस्था एक सेवा मानवता के लिए इससे पहले भी शहर में गंभीर बीमारियों से जूझ रहे मरीजों और अन्य जरूरतमंद लोगों की लगातार मदद करती रही है। यह ग्रुप समाज में सेवा और भाईचारे की मिसाल बनकर उभर रहा है, जहां जाति-धर्म से ऊपर उठकर लोग मानवता के लिए एकजुट होकर काम कर रहे हैं।

यह न्यूज़ इसलिए अखबार में लगाई गई है ताकि यह खबर पढ़ कर अधिक से अधिक जनता ऐसे नेक काम करने के लिए प्रोत्साहित हो और जरूरतमंद लोगों की मदद कर सके ।

### कलेक्टर द्वारा पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक लेकर की अपराधों की समीक्षा

## जिले में नशा नियंत्रण एवं अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने कलेक्टर द्वारा सख्त निर्देश

**नव भारत न्यूज**
**पांढुरना,29 मार्च,** जिले में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने एवं नशे के विरुद्ध प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने के उद्देश्य से कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ की अध्यक्षता बैठक संपन्न हुयी । बैठक में जिले में मादक एवं नशीले पदार्थों के सेवन पर प्रभावी रोक लगाने तथा अवैध गतिविधियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने के स्पष्ट निर्देश दिए गए।




कलेक्टर श्री वशिष्ठ ने कहा कि नशा समाज के लिए गंभीर समस्या है, जिसे जड़ से समाप्त करने के लिए प्रशासन पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेगा। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

**स्कूलो के आसपास नहीं बिकेंगे गुटखा, पाऊच**

बैठक में निर्णय लिया गया कि आगामी 1 अप्रैल से स्कूल परिसरों के आसपास संचालित गुटखा, पान एवं अन्य नशीले पदार्थों की दुकानों को हटाया जाएगा। इसके साथ ही स्कूल परिसरों के आसपास आवागमन को पुलिस निगरानी में रखा जाएगा, जिससे विद्यार्थियों के लिए सुरक्षित एवं नशामुक्त वातावरण सुनिश्चित किया जा सके।

**आय से अधिक संपत्ति वालों पर होंगी कार्यवाही**

कलेक्टर श्री वशिष्ठ ने आय से अधिक संपत्ति के मामलों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित प्रकरणों की जांच कर दोषियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने जिले में व्यापक स्तर पर नशा विरोधी जागरूकता अभियान चलाने पर जोर देते हुए आमजन को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करने की बात कही।

### अब होटल, लॉज की नियमित जांच

अवैध गतिविधियों पर नियंत्रण के लिए कलेक्टर श्री वशिष्ठ ने होटल, लॉज एवं मेडिकल स्टोर्स की नियमित जांच के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रत्येक माह कम से कम चार दिवस इन प्रतिष्ठानों की सघन चेकिंग सुनिश्चित की जाए, ताकि किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि पर प्रभावी रोक लगाई जा सके। बैठक में नशा मुक्ति एवं मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े मामलों में पुलिस एवं स्वास्थ्य विभाग के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही एमएलसी एवं पोस्टमार्टम रिपोर्ट को ऑनलाइन दर्ज करने की व्यवस्था को अनिवार्य रूप से लागू करने पर भी बल दिया गया, जिससे कार्यप्रणाली में पारदर्शिता एवं त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित हो सके।

### यह रहे उपस्थित

बैठक में संयुक्त कलेक्टर सुश्री नेहा सोनी,एसडीएम सौसर श्री सिद्धार्थ पटेल, ,एसडीएम पांढुर्णा सुश्री अलका एक्का,एसडीओपी पांढुर्णा श्री बृजेश भार्गव, सीएमएचओ नरेश गोन्नाडे, सीएमओ पांढुर्णा दीपेंद्र, टीआई मोहगांव अजय मरकाम, टीआई पांढुर्णा अमित दानी, जिला शिक्षा अधिकारी एच.बी. हांडे, सीईओ जनपद पंचायत पांढुर्णा बंदु सूर्यवंशी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। यह बैठक जिले में नशा उन्मूलन की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में देखी जा रही है, जिसमें प्रशासन ने सख्त एवं प्रभावी कार्रवाई का स्पष्ट संदेश दिया है।

## चमत्कारिक श्री हनुमान मंदिर हनुमान लोक जामसांवली धाम में पूज्य जगद्गुरु रामभद्राचार्य महाराज की दिव्य रामकथा का भव्य शुभारंभ





**नवभारत न्यूज़**
**सौंसर 29 मार्च.** चमत्कारिक श्री हनुमान मंदिर हनुमान लोक जामसांवली धाम में हनुमान जन्मोत्सव के पावन उपलक्ष्य में आयोजित दिव्य रामकथा का रविवार से मंगल शुभारंभ हुआ। विश्व विख्यात पद्मविभूषण तुलसीपीठाधीश्वर पूज्य जगद्गुरु रामानंदाचार्य स्वामी रामभद्राचार्य महाराज की ओजस्वी वाणी से पूरा परिसर राममय हो उठा। हजारों श्रद्धालु कथा श्रवण हेतु उमड़े और वातावरण जय श्रीराम व जय जय हनुमान के जयघोष से गुंजायमान रहा।

**पांच प्रमुख लीलाओं में हैं रामायण:** पूज्य जगद्गुरु ने अपने प्रवचन में कहा कि संपूर्ण रामायण एक दिव्य स्वरूप है जो पांच प्रमुख लीलाओं—बाल लीला, विवाह लीला, वनवास लीला, रणभूमि और राज्याभिषेक—पर आधारित है। इन प्रत्येक प्रसंगों में मर्यादा, धर्म और आदर्श जीवन का गूढ़ संदेश निहित है। भगवान राम ने इस धरती पर अवतार लेकर अन्याय, अत्याचार और अधर्म का विनाश किया तथा सत्य व धर्म की स्थापना की।

**लेटी प्रतिमा का रहस्य और विश्व मंगल की कामना**

इस पावन प्रसंग में पूज्य जगद्गुरु ने हनुमान जी के अद्भुत और अलौकिक स्वरूप का रहस्य भी उजागर किया। उन्होंने श्री मूर्ति के दर्शन कर विश्व के मंगल की कामना की और श्रद्धा भाव से बताया कि जामसांवली धाम में विराजमान लेटे हुए हनुमान जी अत्यंत चमत्कारिक, जागृत और साक्षात कृपा स्वरूप हैं। उनकी यह अद्वितीय मुद्रा भक्तों के लिए विशेष आस्था का केंद्र है।

ऐसी जनश्रुति प्रचलित है कि लंका विजय के पश्चात उत्तर दिशा की ओर प्रस्थान करते समय हनुमान जी ने जामसांवली की पवित्र भूमि पर विश्राम किया था। विश्व में हनुमान जी की लेटी हुई प्रतिमाएं अत्यंत दुर्लभ हैं।

### विशिष्ट अतिथियों द्वारा सम्मान एवं पादुका पूजन

कथा मंच पर मुख्य यजमान संस्थान अध्यक्ष गोपाल शर्मा एवं जिला भाजपा अध्यक्ष व प्रबंध ट्रस्टी संदीप मोहोड ने सपत्नीक पूज्य जगद्गुरु के चरण पादुका का विधि-विधान से पूजन किया। इस गरिमामयी अवसर पर राज्यसभा सांसद अनिल बोंडे, कलेक्टर पांढुर्णा नीरज कुमार वशिष्ठ, पुलिस अधीक्षक सुंदर सिंह कनेश (दोनों सपत्नीक), नागपुर के मुधोजी राजे भोंसले एवं रेमंड के डायरेक्टर जे.के. शर्मा ने पूज्य जगद्गुरु का आत्मीय सम्मान कर आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम के दौरान अमरावती के सांसद भी उपस्थित रहे।

### भव्य स्वागत, कलश यात्रा एवं प्रथम दिवस का विराम

जामसांवली प्रवेश द्वार पर संस्थान अध्यक्ष गोपाल शर्मा सहित ट्रस्टियों ने पुष्पवर्षा कर अभिनंदन किया। इस दौरान उनके उत्तराधिकारी रामचरणदास भी उपस्थित थे। स्वागत के अवसर पर वारकरी संप्रदाय की परंपरागत दिंडी यात्रा निकाली गई और पीत वस्त्र धारण किए महिलाओं ने भव्य कलश यात्रा निकालकर आयोजन को दिव्यता प्रदान की। मंदिर परिसर में नन्हीं छात्राओं द्वारा गणेश वंदना और राम स्तुति की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं।

## जल गंगा संवर्धन अभियान (द्वितीय चरण) में जल स्त्रोत सेवा समागम कार्यक्रम का शुभारंभ

**पांढुर्णा.** मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार जिला कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ तथा जिला समन्वयक अखिलेश जैन के निर्देशन में एवं विकासखण्ड समन्वयक दिलीप आठनेरे के मार्गदर्शन में नवांकुर संस्था अवध विद्यापीठ शिक्षण समिति द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के द्वितीय चरण के अंतर्गत ग्राम परसोडी के प्राथमिक शाला परिसर में जल स्त्रोत सोख पीट परिसर की साफ-सफाई की गई। जल गंगा संवर्धन अभियान के द्वितीय चरण के अंतर्गत जल स्त्रोत सेवा समागम कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस दौरान जल स्त्रोत परिसर की साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया गया तथा जल स्त्रोतों को स्वच्छ रखने के उपाय भी बताए गए ।इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष राजेश कुमार मानकर, प्रस्फुटन समिति की अध्यक्षा अनुसुइया ऊईके तथा समिति के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

## रेमंड ग्रुप के पूर्व चेयरमेंन विजयपत सिंघानिया का निधन

**सौंसर 29 मार्च .**रेमंड ग्रुप के पूर्व चेयरमेंन विजयपत सिंघानिया के दु:खद निधन हुआ। वे लगभग 86 वर्ष की आयु में इस नश्वर संसार को त्यागकर परमधाम को प्रस्थान कर गए ।उनके निधन से उद्योग जगत ही नहीं , बल्कि पूरे राष्ट्र ने एक दूरदर्शी , अनुशासित एवं प्रेरणादायी व्यक्तित्व को खो दिया है । वे ॠड्ड4द्वश्व्दुस्र त्द्ध्रश्व्ह्लश्व के पूर्व चेयरमैन के रूप में भारत के वस्त्र उद्योग को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने वाले महान उद्योगपति थे ।उनके कुशल नेतृत्व , दूरदर्शी सोच और अथक परिश्रम ने भारतीय उद्योग को वैश्विक स्तर पर एक नई पहचान दिलाई ।रेमण्ड संस्थान परिवार बोरगांव पांढुर्ना , छिंदवाड़ा डिवीजन के सभी अधिकारी कर्मचारी नें श्रधांजलि दीं।

